खुशहाल और सार्थक जीवन पर व्याख्यान

रांची। रांची के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में मंगलवार को 'एक खुशहाल और सार्थक जीवन की ओर' विषय पर व्याख्यान हुआ। कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी से एमबीए के साथ आईआईटी खड़गपुर से स्नातक रेखी सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस के संस्थापक डॉ सतिंदर सिंह रेखी ने व्याख्यान दिया। डॉ रेखी ने व्याख्यान में न्यूरोथियोलॉजी, आध्यात्मिकता का विज्ञान, खुशी का मार्ग, योग के आठ मार्ग व बौद्ध दर्शन जैसे विषयों पर चर्चा करके खुश होने की कला बताई।

वहीं, आईआईएम रांची खुशी पर शोध करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए पोस्ट-डॉक्टोरल फैलोशिप भी प्रदान करता है। हैप्पीनेस की वैज्ञानिक समझ को सुगम बनाने के लिए आईआईएम रांची माइंड लैब शुरू करेगा। यह प्रयोगशाला देश में अपनी तरह की एकमात्र होगी।

Hindustan_21.09.2022_Pg.08